वर्ष- 02 अंक- 284
छपरा
31 अगस्त रविवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## मुंबई में मराठा आरक्षण आंदोलन का दूसरा दिन

### मनोज जरांगे बोले- ये आखिरी लड़ाई, सरकार हमारे धैर्य की परीक्षा न ले



**मुंबई।** मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे की भूख हड़ताल का आज दूसरा दिन है। जरांगे जालना से बुधवार को मुंबई के लिए निकले थे। उन्होंने 29 अगस्त को मुंबई आजाद मैदान में अनशन शुरू किया। जरांगे ने घोषणा की कि जब तक समुदाय की मांगें पूरी नहीं हो जातीं, वे पीछे नहीं हटेंगे।

मनोज ने चेतावनी दी कि हम अपना हक मांग रहे हैं, यह हमारी आखिरी लड़ाई है। सरकार समुदाय के धैर्य की परीक्षा न ले। अगर शिक्षा और नौकरियों में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग पर फैसला लेने में देरी होती है, तो वह अगले 2 दिनों में पानी पीना बंद कर देंगे।

जरांगे की मांग है कि सभी मराठों को नौकरी और शिक्षा में आरक्षण के लिए ओबीसी के तहत कुनबी के रूप में मान्यता दी जाए। शुक्रवार को मुंबई पहुंचे सैकड़ों समर्थकों ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर शरण ली। कई प्रदर्शनकारियों ने अपनी गाड़ियों में रात बिताई।

**महाराष्ट्र सरकार ने मराठा आरक्षण समितियों का कार्यकाल बढ़ाया:** जरांगे के आंदोलन के बीच महाराष्ट्र सरकार ने वंशावली समितियों का कार्यकाल 30 जून 2026 तक बढ़ा दिया है। ये समितियां ओबीसी कैटेगरी में आने वाली कुनबी जाति के पात्र मराठा समुदाय के लोगों को जाति और जाति वैधता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए तालुका स्तर पर बनाई गई हैं।

## सुप्रीम कोर्ट- रामसेतु को लेकर केंद्र को नोटिस जारी

# राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने पर जवाब मांगा, सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका स्वीकार



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की मांग से जुड़ी याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर नोटिस जारी किया है।

जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने स्वामी की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति देते हुए केंद्र से चार हफ्ते में जवाब देने को कहा है। स्वामी ने अपनी याचिका में 19 जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश का हवाला दिया है।

उस समय केंद्र ने स्वामी की ही याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया था कि रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के मुद्दे पर विचार किया जा रहा है। कोर्ट ने केंद्र से इस पर निर्णय लेने को कहा था और स्वामी को यह स्वतंत्रता दी थी कि यदि वे संतुष्ट न हों तो दोबारा कोर्ट आ सकते हैं।

स्वामी की नई याचिका में कहा गया है, 19 जनवरी 2023 के आदेश के बाद उन्होंने 27 जनवरी 2023 को केंद्र को सभी दस्तावेजों के साथ एक प्रतिनिधित्व सौंपा था। इसके बाद 13 मई 2025 को उन्होंने एक और नया प्रतिनिधित्व भेजा, लेकिन अब तक न तो उन्हें और न ही सुप्रीम कोर्ट को कोई जवाब मिला है। याचिका में मांग की गई है कि संस्कृति मंत्रालय को सुप्रीम कोर्ट के 19 जनवरी 2023 के आदेश के अनुसार स्वामी के प्रतिनिधित्व पर जल्द से जल्द और समयबद्ध तरीके से निर्णय लेने का निर्देश दिया जाए।

### स्वामी ने पहली याचिका 2007 में दायर की थी

राम सेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग कई सालों से उठ रही है। साल 2007 में सुब्रमण्यम स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। यह याचिका सेतु समुद्रम शिप चैनल परियोजना के खिलाफ थी। इस परियोजना के तहत, सरकार 83 किलोमीटर लंबी एक नहर बनाने की योजना पर काम कर रही थी, जो मन्नार की खाड़ी और पाक जलडमरूमध्य को जोड़ती। इसके लिए समुद्र में बड़े पैमाने पर ड्रेजिंग (समुद्र की गहराई बढ़ाने का काम) किया जाना था। आरोप था कि इस परियोजना से राम सेतु को नुकसान पहुंच सकता है। स्वामी का कहना है कि इसी वजह से उन्होंने मांग की है कि राम सेतु को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा दिया जाए, ताकि इसे बचाया जा सके।

### स्वामी बोले

रामसेतु आस्था का प्रतीक है स्वामी की याचिका में कहा गया है कि रामसेतु एक पुरातात्विक स्थल होने के साथ-साथ करोड़ों लोगों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र भी है। याचिका में कहा गया है कि वैज्ञानिक और पुरातात्विक अध्ययन इस बात के प्रमाण हैं कि यह मानव निर्मित संरचना है, जिसे श्रद्धालु तीर्थस्थल मानते हैं।

## आरएसएस नेता के बेटे की हत्या, आंख फोड़ी-कान काटा

### कुशीनगर में दौड़ा-दौड़ाकर डंडे बरसाए, पुलिस पहुंची तो गला दबाकर बैठे थे



**कुशीनगर,एजेंसी।** कुशीनगर में आरएसएस के जिला सह संघ चालक के बेटे की घेर कर हत्या कर दी गई। वजह यह थी कि युवक खेत में फसल खा रहे जानवरों को देखकर आपत्ति जताई थी। इससे आरोपी भड़क गए। 4 आरोपियों ने युवक को खेत में पीटा। किसी तरह से खुद को छुड़ाकर भागा। आरोपियों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। फरसे और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। युवक की आंख फोड़ दी और कान काट डाले। मरने तक मारते रहे। चीख-पुकार सुनकर घरवाले पहुंचे। देखा तो आरोपी युवक की गर्दन दबाकर बैठे थे। इसी बीच, पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस को देखकर एक आरोपी भाग गया। तीन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपी घायल हैं। इनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## जम्मू-कश्मीर के रियासी में लैंडस्लाइड, 7 शव बरामद




**पठानकोट/देहरादून/प्रयागराज/दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के बदर गांव में शनिवार सुबह लैंडस्लाइड हुई। मलबे से अब तक 7 शव बरामद किए गए हैं। यहां और भी लोगों के फंसे होने की आशंका है। अन्य लोगों की तलाश जारी है। वहीं, रामबन के राजगढ़ में बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति लापता है। उसकी तलाश जारी है।

हिमाचल प्रदेश में मंडी के गोहर में शुक्रवार देर रात बादल फटा था। नांडी पंचायत में नसेंणी नाला में कई गाड़ियां बह गईं। शिमला के जतोग कैंट में लैंडस्लाइड हुई। सेना की रेसीडेंशियल बिल्डिंगों को खाली कराया गया।

पंजाब के अमृतसर, पठानकोट समेत 8 जिलों में बाढ़ के हालात बने हैं। 250 से ज्यादा गांवों में 5 से 15 फीट तक पानी भरा हुआ है। बाढ़ में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। उत्तराखंड के चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर में शुक्रवार को बादल फटने की घटनाएं हुईं। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 11 लापता हैं। बागेश्वर के कपकोट में कई घरों को भी नुकसान हुआ है। यूपी के 18 जिले बाढ़ की चपेट में है। राज्य में अब तक 774 मकान बारिश-बाढ़ में ढह चुके हैं। वाराणसी में सभी 84 घाटों का आपसी संपर्क टूटा है। जम्मू-कश्मीर के कटरा में बारिश के कारण वैष्णो देवी यात्रा 5 दिन से रुकी है। 26 अगस्त को यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड में 34 लोगों की मौत हुई थी।

## दहेज प्रताड़ना केस- सुप्रीम कोर्ट ने सास को बरी किया

● कहा-ऐसी बातें हवा से तेज फैलती हैं, सिर्फ आरोपों के आधार पर दोषी नहीं मान सकते



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दहेज प्रताड़ना के आरोप में सजा पा चुकी महिला (सास) को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि बहू को दहेज के लिए सताए जाने की खबरें हवा से भी तेज फैलती हैं। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा, पड़ोसी गवाह ने साफ किया था कि महिला ने बहू और उसके परिवार वालों से कभी दहेज की मांग नहीं की।

### मामले में ठोस सबूत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दहेज की कोई भी मांग धारा 498-ए (क्रूरता) के दायरे में आती है, लेकिन इस मामले में ठोस सबूत नहीं हैं। इसलिए मामले में हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया जाता है और सास को बरी कर दिया गया।

इसके बावजूद निचली अदालतों ने उसकी गवाही को नजरअंदाज किया।

मामला उत्तराखंड का है। यहां 2001 में एक महिला ने शादी के कुछ समय बाद ही आत्महत्या कर ली थी। उसके पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बेटी गर्भवती थी और ससुराल में उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। आरोप लगाया गया कि सास ताने मारती थी। हालांकि, उस समय पति शहर में मौजूद नहीं था।

## आसाराम 235 दिन बाद फिर जेल में

### जोधपुर में सरेंडर किया, जनवरी में जमानत मिली थी, रेप के केस में उम्रकैद काट रहा



**जोधपुर,एजेंसी।** नाबालिग से रेप के मामले में सजा काट रहे आसाराम ने 30 अगस्त को जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर कर दिया है। राजस्थान हाईकोर्ट ने 27 अगस्त की सुनवाई में उसकी अंतरिम जमानत आगे बढ़ाने से मना कर दिया था। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने फैसले में कहा था कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार आसाराम की तबीयत स्थिर है। उसे हॉस्पिटल में भर्ती होने या लगातार चिकित्सा देखभाल की जरूरत नहीं है।

## केरल में बैंक मैनेजर ने कैंटीन में बीफ बैन किया

### कर्मचारियों ने विरोध में बीफ फेस्टिवल मनाया, केबिन के सामने मीट-पराठा खाकर पार्टी की



**कोच्चि,एजेंसी।** केरल के एर्नाकुलम जिले के कोच्चि में केनरा बैंक के एक मैनेजर ने कैंटीन में बीफ बैन कर दिया। इसके विरोध में कर्मचारियों ने बीफ फेस्टिवल का आयोजन करके एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बैंक मैनेजर के केबिन के सामने बीफ और पराठा खाकर पार्टी की। मामला 28 अगस्त का है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बैंक के रीजनल मैनेजर मूलरूप से बिहार के रहने वाले हैं। हाल ही में केरल में उनकी नियुक्ति हुई है। बैंक की कैंटीन में कभी-कभी बीफ परोसा जाता था। बैंक मैनेजर ने कैंटीन में बीफ परोसने पर रोक लगा दी और कैंटीन कर्मचारियों को आदेश दिया कि अब बीफ नहीं बनना चाहिए।

इसके बाद बैंक एम्प्लॉइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (BEFI) के नेतृत्व में कर्मचारियों विरोध प्रदर्शन किया।

### विधायक बोले- केरल में संघ का एजेंडा नहीं चलेगा

बैंक कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन को राज्य के नेताओं का भी समर्थन मिला। वाम समर्थित निर्दलीय विधायक केटी जलील ने प्रदर्शन की तारीफ करते हुए फेसबुक पर लिखा, केरल में संघ परिवार का कोई भी एजेंडा नहीं चलेगा। क्या पहनना है, क्या खाना है और क्या सोचना है, यह कोई और तय नहीं करेगा। विधायक केटी जलील ने कहा, यह मिट्टी लाल है। इस धरती का हृदय लाल है। जहां कहीं भी लाल झंडा लहराता है, आप बिना किसी डर के फासीवादियों के खिलाफ बोल सकते हैं और कार्रवाई कर सकते हैं। कोई आपको नुकसान नहीं पहुंचाएगा। जब तक कम्युनिस्ट एकजुट हैं, तब तक हम किसी को भगवा झंडा फहराने की इजाजत नहीं देंगे।

## टैरिफ विवाद पर राजनाथ बोले-कोई परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं

### परमानेंट इंटरेस्ट होता है; भारत किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी टैरिफ पर विवाद के बीच कहा कि कोई भी देश परमानेंट दोस्त या दुश्मन नहीं होता है। सिर्फ परमानेंट इंटरेस्ट होता है। राजनाथ ने यह बात एनडीटीवी डिफेंस समिट में शनिवार को कही।

उन्होंने कहा कि दुनिया में ट्रेड वॉर जैसे हालात हैं। विकसित देश तेजी से संरक्षणवादी हो रहे हैं। भारत किसी को अपना दुश्मन नहीं मानता, लेकिन हम राष्ट्रीय हित और लोगों के हितों से समझौता नहीं करेंगे। राजनाथ के इस बयान को ट्रम्प के टैरिफ के खिलाफ भारत, रूस और चीन के करीब आने की खबरों से जोड़कर देखा जा रहा है। पीएम मोदी आज ही जापान से चीन के दौरे पर रवाना हुए हैं। वे यहां एससीओ समित मे दोनों देश के राष्ट्रपति से मिलेंगे।

सिंह ने कहा, हमारे लिए अपने लोगों का, किसानों का, छोटे व्यापारियों का, देशवासियों का हित सबसे ऊपर है। चाहे कितना भी दबाव डाला जाए, लेकिन भारत किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा।

### सिंह बोले- भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 24 हजार करोड़

दुनिया भारत की रक्षा क्षमताओं की गवाह है। जिस तरह से हमारी सेनाओं ने स्वदेशी उपकरणों के साथ पाकिस्तान पर सटीक हमले किए, उससे पता चलता है कि कोई भी मिशन बिना दूरदर्शिता और तैयारी के सफल नहीं हो सकता। 2014 में हमारा डिफेंस एक्सपोर्ट 700 करोड़ रुपए से कम था। आज यह बढ़कर लगभग 24 हजार करोड़ रुपए हो गया है, जो एक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह दर्शाता है कि भारत अब केवल खरीदार नहीं रहा बल्कि निर्यातक बन रहा है। इस समिट में वायुसेना उप प्रमुख एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी भी शामिल हुए। उन्होंने बताया, पाकिस्तान को युद्धविराम की मेज पर लाने के लिए भारतीय वायुसेना ने 50 से भी कम हथियार दागे। युद्ध शुरू करना बहुत आसान है, लेकिन उसे खत्म करना उतना आसान नहीं है।

**भारत पर अमेरिका ने 50% टैरिफ लगाया, 27 अगस्त से लागू:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50% टैरिफ लगाया है, जो 27 अगस्त से लागू हो गया है। ट्रम्प प्रशासन ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर इस टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25% टैरिफ लगा दिया था।

## भिंड में पेट्रोल के लिए अंधाधुंध फायरिंग

### बिना हेलमेट पेट्रोल देने से मना किया था; पंप मालिक घायल



**भिंड,एजेंसी।** भिंड में शनिवार सुबह बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने पर दो युवकों ने पंप मालिक को गोली मार दी। आरोपियों ने एक अवैध कट्टे और लाइसेंसी बंदूक से ताबड़तोड़ फायरिंग की। पंप संचालक तेज नारायण लोधी (55) को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। घटना नेशनल हाईवे-719 पर लोधी पेट्रोल पंप की है।

घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी पहचान कर ली है और तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह बाइक सवार दो युवक पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे। पंप कर्मचारियों ने बिना हेलमेट पेट्रोल देने से इनकार कर दिया। इसी बात पर कहासुनी और गाली-गलौज होने लगी।

**आरोपी घर से लाइसेंसी बंदूक लेकर लौटे:** विवाद बढ़ने के बाद दोनों आरोपी युवक अपने घर पहुंचे और वहां से एक लाइसेंसी बंदूक और अवैध हथियार लेकर लौटे। इसके बाद उन्होंने पेट्रोल पंप पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। अचानक गोलियां चलने से भगदड़ मच गई, लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान पंप मालिक को गोली लग गई।

# इजराइली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री की मौत

### रक्षा मंत्री के भी मारे जाने की आशंका, हमले में 10 की मौत, 90 घायल

**सना,एजेंसी।** यमन की राजधानी सना में इजरायली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन हमलों में हूती रक्षा मंत्री मोहम्मद अल-अती और चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद अब्द अल-करीम अल-घमारी को भी निशाना बनाया गया, जिनके मारे जाने की आशंका है। इजराइली आर्मी (IDF) ने 28 अगस्त को सना में हमले किए थे। इससे पहले हूती लड़ाकों ने इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था। IDF ने कहा कि एयरस्ट्राइक में हूती मिलिट्री ठिकानों और राष्ट्रपति भवन को निशाना बनाया गया। वहीं, यमन के अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और 90 घायल हुए।



### इजराइली रक्षा मंत्री बोले- बुरे काम का बुरा अंजाम

इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि हमने चेतावनी दी थी कि जो भी इजराइल के खिलाफ हथियार उठाएगा, उसे सजा मिलेगी। उन्होंने कहा- हमने हूतियों को पहले चेताया था कि बुरे काम का बुरा अंजाम होगा। एक इजराइली सैन्य अधिकारी ने मीडिया को बताया- हमने सही समय पर सटीक जानकारी के आधार पर तेजी से हमला किया। इन हमलों में हूती विद्रोहियों के कई बड़े नेताओं को निशाना बनाया गया। साल 2014 में यमन में गृह युद्ध शुरू हुआ। इसकी जड़ शिया-सुन्नी विवाद है। कार्नेजी मिडिल ईस्ट सेंटर की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों समुदायों में हमेशा से विवाद था जो 2011 में अरब क्रांति की शुरुआत से गृह युद्ध में बदल गया। 2014 में शिया विद्रोहियों ने सुन्नी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस सरकार का नेतृत्व राष्ट्रपति अब्दरब्बू मंसूर हादी कर रहे थे। हादी ने अरब क्रांति के बाद लंबे समय से सत्ता पर काबिज पूर्व राष्ट्रपति अली अब्दुल्ला सालेह से फरवरी 2012 में सत्ता छीनी थी। हादी देश में बदलाव के बीच स्थिरता लाने के लिए जूझ रहे थे। उसी समय सेना दो फाड़ हो गई और अलगाववादी हूती दक्षिण में लामबंद हो गए। अरब देशों में दबदबा बनाने की होड़ में ईरान और सऊदी अरब भी इस गृह युद्ध में कूद पड़े। एक तरफ हूती विद्रोहियों को शिया बहुल देश ईरान का समर्थन मिला। तो सरकार को सुन्नी बहुल देश सऊदी अरब का। देखते ही देखते हूती के नाम से मशहूर विद्रोहियों ने देश के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया।

## अंबाला से कटरा जाने वाली ट्रेनों में बुकिंग रद्द

### 300 यात्रियों के ढाई लाख रुपए रिफंड किए जल्द संचालन शुरू होने की उम्मीद

**अंबाला,एजेंसी।** भारतीय रेलवे का जम्मू रेल खंड के बाधित होने से रेलवे ने अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर 300 से अधिक यात्रियों को लगभग ढाई लाख रुपए का रिफंड किया है। इसके अलावा यात्रियों की सहायता करने के लिए वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों को भी हिदायत दी गई है। शुक्रवार को भी जम्मू जाने वाली ट्रेनों का संचालन पूर्ण तौर पर बंद रखा गया। इस कारण शनिवार को भी 51 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। जिनमें 47 ट्रेनें रद्द तो 4 को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है।

**जम्मू की टिकट बुकिंग बंद:** अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर आरक्षण केंद्र पर जम्मू और कटरा की टिकट बुक करवाने वाले यात्रियों की संख्या नाममात्र रह गई है, इनमें सिर्फ सैन्य कर्मी ही टिकट बुक करवा रहे हैं। जोकि सितंबर माह के पहले और दूसरे सप्ताह की है, इसके अलावा अन्य कोई भी यात्री टिकट बुकिंग के लिए आरक्षण केंद्र पर नहीं आ रहा है।

# भेल्दी में मही नदी में डूबने से दो सगे भाई-बहन समेत तीन की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के भेल्दी पंचायत के लगनपुरा गांव में शनिवार को मही नदी पर बने बांस के चचरी-पुलिया से गुजरते वक्त नदी में गिरने से दो सगे भाई-बहन समेत तीन की दर्दनाक मौत हो गई।मृतकों में भेल्दी थाने के लगनपुरा गांव के मंसूर आलम के पुत्र नूर आलम अंसारी(12) पुत्री शगुप्ता खातून(13) व नसीम अंसारी की पुत्री शायरा बानो(13) शामिल है।

बताते चलें कि भेल्दी पंचायत के लगनपुरा गांव के शगुप्ता खातून अपने भाई नूर आलम अंसारी व पड़ोस की एक बच्ची शायरा बानो के साथ लगनपुरा-यादोपुर मही नदी पर बने बांस के चचरी पुलिया के सहारे दुकान पर सामान को खरीदने के लिए जा रहे थे तभी पैर फिसलने से एक बच्ची शगुप्ता



खातून नदी में गिर पड़ी उसे बचाने के दौरान नूर आलम अंसारी और शायरा बानो में डूब गए और मशक्कत के बाद ग्रामीण तीनों को नदी से निकालने के बाद अमनौर सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

**पोस्टमार्टम के बाद तीनों का शव घर पर पहुंचते ही मचा कोहराम** -पोस्टमार्टम होने के बाद तीनों बच्चे व बच्चियों का शव लगनपुरा गांव में पहुंचते ही मंसूर अली व नसीम अंसारी के परिजनों में चीख-पुकार मच गई।अपने पुत्र नूर आलम व पुत्री शगुप्ता खातून का शव देखते ही मां अख्तरी बेगम छाती पीट-पीटकर रो रही थी और बार-बार बेहोश हो जा रही थी।वह जब भी होश में आती पुत्र-पुत्री के शव से लिपटकर दहाड़ मारकर रोने लगती।दादी शलीमन बेबी,अब्बा मंसूर अली भी रो रहे थे।भाई फिरोज अंसारी भी फफक-फफक रो रहे थे।वहीं गुलशन बेगम अपनी पुत्री शायरा बानो का शव देखते ही मूर्छित होकर गिर पड़ी।पुत्री के गम में वह खाट पर बेसूध पड़ी थी।बहन शकीना खातून शबीना खातून भाई सोहैल अंसारी दहाड़ मारकर रो रहे थे।

**एक घर से निकले दो और गांव से निकले तीन जनाजे** - लगनपुरा गांव के मंसूर अली के घर से दो जनाजे और नसीम अंसारी के घर से एक जनाजे निकले तो पूरा गांव रो पड़ा।गांव वालों ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक ही दिन उनके गांव से तीन जनाजे एक साथ निकलेगे मंसूर अली के पुत्र व पुत्री की मौत के बाद उनके घर में सिर्फ एक पुत्र फिरोज अंसारी बचा है।

**शगुप्ता नौवीं व शायरा पांचवीं की थी छात्रा** -परिजनों ने बताया कि शगुप्ता खातून नौवीं, नूर आलम छठी व शायरा बानो पांचवी कक्षा की छात्रा थी।शनिवार को अगर स्कूल जाते तो जान भी बच सकती थी।तीनों ने सोचा भी नहीं था कि शनिवार को पुलिया पार करते समय नदी में गिरने से मौत हो जाएगी।दुकान पर सामान की खरीदारी करने के लिए पुलिया से जाना मौत का कारण बन गया। अनुज कुमार,सीओ,परसा ने बताया कि भेल्दी पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आपदा के तहत मृतक के परिजनों को राशि की जाएगी।

## पक्का पुल की ढलाई हो गया होता तो नहीं मरते तीन बच्चे-बच्चियां



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** काश! समय रहते पक्का पुल की ढलाई हो जाता तो शनिवार को मही नदी पर बने बांस के चचरी पुलिया से गिरने से तीन बच्चे,बच्चियों की मौत नहीं होती? ऐसा लगनपुरा व यादोपुर के ग्रामीणों का कहना था। ग्रामीण अमित तिवारी,रवि कुमार तिवारी,पारस सिंह,मैनेजर सिंह,रंजन सिंह,निर्मल कुमार,सुनील तिवारी ने कहा कि ग्रामीण 2010 में पुल का शिलान्यास किया और लाखों रूपए चंदा इकठ्ठा कर श्रमदान कर लगनपुरा-यादोपुर सुखमही नदी पर पक्का पुल का निर्माण करा दिया।बारह सालों तक ग्रामीण ग्रामीणों द्वारा बनाए गए पुल से आवाजाही करते रहे।मगर नए पुल के निर्माण के लिए पुराने पुल को तोड़कर उसी स्थल पर नया पुल का निर्माण कराया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना था कि अगर दो माह पहले इस पुल की ढलाई हो गया होता तो आज चचरी के साथ बच्चे सामान की खरीदारी करने नहीं जाते और उनकी जाने बच जाती ?

**डायवर्जन को ले बनाए गए थे चचरी** -पक्के पुल के निर्माण के बाद यादोपुर लगनपुरा समेत दर्जनों गांवों के लोगों के आवाजाही के लिए चचरी पुलिया बनाए गए थे। नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही बांस के बने चचरी पर भी पानी चढ़ गए थे और लोगों का आवागमन खतरे से कम नहीं था।लोग अपने जान को जोखिम में डालकर इन दिनों चचरी को पार कर रहे थे।

## दो पक्षो के बीच हुई मारपीट मामले में प्राथमिकी में

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव में शुक्रवार की रात दो पक्षो के बीच हुई मारपीट मे घायल शांति देवी के ब्यान पर मांझी थाने मे प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बता दे कि थाना क्षेत्र के डुमरी मे आपसी विवाद मे दो पक्षो के बीच जमकर मारपीट हो गई थी। मारपीट मे राकेश कुमार सिंह तथा इनकी माँ शांति देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। घटना की सुचना पा कर मौके पर पहुंची मांझी थाना की पुलिस द्वारा घायलों को मांझी के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। चिकित्स्कों द्वारा प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। मौके से मांझी थाना की पुलिस ने दूसरे पक्ष से धनन्जय कुमार को हिरासत मे लेकर पूछताछ कर रही थी। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया की आपसी विवाद मे हुई मारपीट मामले मे प्राथमिकी दर्ज कर हिरासत मे लिए गए युवक को जेल भेज दिया गया।

## मारपीट की घटना में आधा दर्जन लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में मारपीट में आधा दर्जन लोगों को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायलों में पचखंडा गांव निवासी उपेन्द्र नट उम्र 40 वर्ष पिता स्व विशु नट और मशरक पूरब टोला गांव निवासी बबन महतो की 50 वर्षीय पत्नी प्रभावती देवी,20 वर्षीय पुत्री निशा कुमारी और ललन महंतों का 35 वर्षीय पुत्र अजय महतो,19 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश महंतों, अजय नट की 30 वर्षीय पत्नी गौरी देवी शामिल हैं।

## पागल सियार ने तीन को काट किया जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के हनुमानगंज गांव में पागल सियार के आतंक से पूरा गांव भयभीत हो गया। भाजपा नेता बीरबल प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि हनुमानगंज गांव में एक पागल सियार ने आतक मचा दिया और प्रभु शर्मा, चांदी लाल प्रसाद और राकेश कुमार पर हमला कर गंभीर जख्मी कर दिया। उन्होंने बताया कि पागल सियार जब किसी को देखता तों उसके पीछे काटने को दौड़ पड़ता। उन्होंने बताया कि आतंक को ग्रामीणों ने लाठी डंडे से घेराबंदी कर मार दिया गया जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## जबरन अप्राकृतिक यौनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोर के साथ एक युवक का जबरन अप्राकृतिक यौनाचार की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस ने पीड़ित किशोर के मेडिकल के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा है। घटना बीते शुक्रवार की संध्या पांच बजे के करीब की है। घटना के बाद किशोर ने घर पहुंच कर परिजनों को बात बताई। परिजन जब आरोपी के घर पहुंचे तो आरोपी के परिजनों ने शिकायत सुनने से मना कर दिया। बदले में गाली गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गए। बाद में पीड़ित किशोर की मां ने थाना में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने तुरंत ही कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक तेजपुरवां पाण्डेय टोका निवासी विक्रम पाण्डेय उर्फ टुकड़ पाण्डेय का 33 वर्षीय पुत्र दिनेश पाण्डेय उर्फ गुगली पाण्डेय बताया गया है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की संध्या में खेल रहा था। तभी आरोपी उसको तार का डम्फो देने के बहाने उसे तार के पेड़ के करीब झाड़ी में ले गया।

## मशरक में लंपी बीमारी से पशुओं की मौत, पशुपालक परेशान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों पशुओं में लंपी बीमारी बहुत तेजी से फ़ैल रहा हैं। सैकड़ों पशु वर्तमान में लंपी बीमारी से ग्रसित है। लंपी बीमारी से पशुपालक चिंतित हैं। अपने पालतु पशुओं को इन बीमारी से बचाने के लिए पशुपालको को सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं है और ना ही सरकारी आर्थिक मदद मिल रही है। लंपी बीमारी ने पशुपालकों की नींद उड़ा दी है। प्रखंड के कई गांवों में यह बीमारी तेजी से फैल रही है, जिससे कई पशुओं की मौत हो चुकी है। पशुपालकों का कहना है कि सरकारी स्तर पर टीकाकरण में लापरवाही बरती गई है, जिसकी वजह से हालात इतने खराब हो गए हैं। पशुपालक हसापीर गांव निवासी शिव कुमार यादव ने कहा कि पशुओं की स्थिति यह है कि पशु इस बीमारी से ग्रषित होकर खाना पीना छोड़ रहे है। इस बीमारी के कारण पशुओं का शरीर के पूरे हिस्से में जख्म जैसा निशान, शरीर का तापमान बढ़ना, पैर में सूजन आदि हो रहा है। बताया जाता है कि वायरस जनित रोग होने के कारण इसका समुचित उपचार भी नहीं हो पाता है। जिसके कारण ऐसे पशुओं की मौत की भी संभावना बनी रहती है। जिससे किसान चिंतित रहते हैं। चरिहारा के पशु पालक रंजीत कुमार, रामनाथ राय, हसापीर के शिव कुमार यादव आदि बताते हैं पशुओं में लंपी बीमारी का फैलाब हो रहा है। इसका बचाव अति आवश्यक है। इस बीमारी से गंभीर रूप से ग्रषित मवेशी की मौत होने की भी संभावना बनी रहती है। पूछे जाने डॉ उदय कुमार बताते हैं लंपी बीमारी की जगह-जगह से शिकायत मिली है। वे विभिन्न स्थानों पर कैम्प लगवाकर बीमार ग्रस्त पशुओं का उपचार किया है। जहां-जहां से शिकायत मिल रही है उन स्थानों पर भी कैम्प लगाकर मवेशी का उपचार किया जायेगा। वैसे पूर्व से ही पशुओं का टीकाकरण भी कराया गया है।

# सांसद रूडी के प्रयास से पश्चिमी गंडक और पश्चिमी कोसी नहर परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

- पश्चिमी कोसी नहर परियोजना को 8338.89 करोड़ रुपये तथा पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली को 5868.58 करोड़ रुपये की लागत पर स्वीकृति
- सांसद रूडी ने संसद में कई बार पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली का मुद्दा उठाया था कि नेपाल से आने वाला पानी बीच में चोरी हो जाता है

**दैनिक खोज खबर/छपरा/नई दिल्ली।** बिहार के किसानों के लिए खुशखबरी। लंबे और निरंतर प्रयासों के बाद पश्चिमी कोसी नहर परियोजना तथा पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के विस्तार, नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण (ईआरएम) प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने तकनीकी-आर्थिक दृष्टि से स्वीकृति प्रदान कर दी है। सारण सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी, जो वर्तमान में संसद की जल संसाधन संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष हैं, ने बताया कि इस ऐतिहासिक निर्णय से बिहार के लाखों किसानों को लाभ मिलेगा। जल संसाधन समिति में जदूय राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा भी सदस्य है। सांसद श्री रूडी और सांसद श्री झा के संयुक्त प्रयास से पश्चिमी गंडक और पश्चिमी कोसी नहर परियोजनाओं को यह स्वीकृति मिली। इस संदर्भ में समिति के अध्यक्ष श्री रुडी ने बताया कि पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली का ईआरएम भी स्वीकृत कर लिया गया है। इस पर कुल 5868.58 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह परियोजना उत्तर प्रदेश और बिहार दोनों राज्यों को जोड़ती है और विशेष रूप से सारण प्रमंडल के सारण, सिवान और गोपालगंज के किसानों के लिए जीवन रेखा साबित होगी। गंडक नहर प्रणाली पर पहले ही 1184.48 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं और शेष कार्य केंद्र सरकार के सहयोग से पूर्ण होगा। इसी तरह पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के संदर्भ में श्री संजय झा ने बताया कि परियोजना का लक्ष्य 2.15 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचित करना है। परियोजना की लागत लगभग 8338.89 करोड़ रुपये आंकी गई है और इसे जल संसाधन मंत्रालय की सलाहकार समिति ने 8 जुलाई 2025 को स्वीकृति प्रदान की। इस परियोजना से सहरसा, मधेपुरा, सुपौल सहित कोसी क्षेत्र के किसानों को राहत मिलेगी। सांसद

# खेल दिवस पर हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित, 15 राष्ट्रीय खिलाड़ी सम्मानित

### जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला प्रशासन द्वारा खेल दिवस पर आयोजित खेल कार्यक्रम के तहत शनिवार को राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक के प्रांगण में महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मौके पर राष्ट्रीय हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले 15 खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक को सम्मानित किया गया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी मो. शमीम अंसारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मशरक सुश्री रेशमी प्रकाश, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह सारण हैंडबॉल के उपाध्यक्ष अजीत सिंह , सारण जिला हैंडबॉल के अध्यक्ष कृष्णमोहन सिंह, बाबा हंस कंस्ट्रक्शन के राजीव तिवारी, प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार , नगर पंचायत वार्ड पार्षद सिकंदर कुमार सहित अन्य ने खेल मैदान का पूजन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति संगीत शिक्षक दयानंद सत्यार्थी के नेतृत्व में दी। जिला खेल पदाधिकारी ने राष्ट्रीय खिलाड़ियों को जिलाधिकारी द्वारा प्रदत प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर




सम्मानित किया । वहीं सारण जिला हैंडबॉल संघ द्वारा बाबा हंस कंस्ट्रक्शन द्वारा प्रदत गिफ्ट एवं मोमेंटो खिलाड़ियों को दिया गया। जिला खेल पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को बेहतर तैयारी करने के टिप्स तथा बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। मैच में सीनियर बालिका टीम विजेता जबकि जूनियर टीम उपविजेता रही । जिसमें मशरक , बनियापुर , लहलादपुर , पानापुर , इसुआपुर एवं तरैया प्रखंड के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सम्मानित होने वाले राष्ट्रीय खेल में पदक प्राप्त खिलाड़ियों में निधि कुमारी, तृप्ति कुमारी, मुस्कान कुमारी , पम्मी कुमारी , मो दिलशाद सभी बनियापुर, अभिषेक कुमार सिंह, राजा कुमार सिंह, पुष्पा कुमारी, शबाना खातून, दूजा कुमारी, दीपशिखा कुमारी सभी मशरक, कोच संजय कुमार सिंह, रितेश कुमार सिंह, आकाश कुमार, सिकंदर कुमार शामिल रहे। मौके पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ी रिंकी सिंह, नसीमा , करिश्मा, रीमा , रागिनी सहित अन्य को प्रोत्साहित किया गया। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बेहतर आयोजन में खेल कार्यालय छपरा के खुर्शीद अलम, अमित कुमार गिरी , शिक्षक अरुण कुमार बरनवाल, डॉ मनोज कुमार सिंह , प्रभात चंद्र भूषण , विजय कृष्ण त्रिपाठी, शोभा कुमारी , प्रियंका भास्कर सहित अन्य ने लगे रहे।

## भाजपा नेता राकेश सिंह ने सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवो में क्षेत्र भ्रमण किया



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा नेता व बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवो का भ्रमण किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान श्री सिंह ने लोगो से जनसम्पर्क स्थापित किया।इस अवसर पर खरीका मे भाजपा नेता महादेव साह और अनिल सक्ससेना के द्वारा भाजपा नेता राकेश सिंह को अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। वहीं दिघवारा मे भी भाजपा नेता युगल किशोर एवं अमरेंद्र चौरसिया के द्वारा अंग वस्त्र से भ्रमण के क्रम मे स्वागत किया गया। भाजपा नेता राकेश सिंह ने नयागांव मे पैक्स अध्यक्ष नीरज मिश्रा के निधन पर उनके परिवार से मिलकर सांत्वना दी और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट किया और कहा की उनका इतना जल्दी जाना बहुत दुःखद घटना है। इस अवसर पर मुन्ना महाराज, बिहारी गोपाल मेडिकल राममूर्ति, प्रिंसिपल कन्हैया सिंह बिरजू पासवान, अनुपम गौतम, कृष्णा साह, राहुल सिंह, पहलवान सिंह, राजू गुप्ता सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे. मौके पर पर भाजपा नेता राकेश सिंह ने कहा की सोनपुर विधानसभा की जनता दस साल से अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहें है और सोनपुर मे इस बार बदलाव जरुर होगा जनता ने अपना मन बना लिया है।

# ऑपरेशन महादेव में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर अमित शाह ने किया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** साहजितपुर थाना क्षेत्र के सरमी गाँव के जवान को सेना में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर देश के गृह मंत्री अमित शाह ने सम्मानित किया है। उक्त सेना का जवान सरमी गाँव के राधामोहन सिंह के पुत्र युवराज सिंह है। इस संबंध में उनके परिजनों ने बताया की पिछले माह पहलगाम में तीन आतंकियों द्वारा बर्बरता पूर्ण कुछ आम लोगों की हत्या की गई थी। सेना द्वारा आतंकियों के सफाये के लिए ऑपरेशन महादेव चलाया गया था। जिसमें सेना ने मोस्ट वांटेड तीनों आतंकियों को मार गिराया था। उसमें सेना के जवान सरमी निवासी राधामोहन सिंह के पुत्र युवराज सिंह ने बहुत ही उत्कृष्ट पर्दशन किया था। इस प्रदर्शन को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मूल रूप से सहाजितपुर थाना क्षेत्र के सरमी गाँव के निवासी उक्त सेना के जवान युवराज सिंह श्रीनगर में 24 आर आर बटालियन में पिछले दो साल से पोस्टेड है। उनके द्वारा साल 2011 में सेना ज्वाइन किया गया। उनके इस प्रदर्शन से गाँव एवं क्षेत्र में लोगों गर्व व्यक्त किया है। गाँव के पंकज सिंह, सम्राट सिंह, हरिओम सिंह, अरुण सिंह, कामेश्वर सिंह, रामाधार सिंह, महंत सिंह आदि सैकड़ों लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।



## भारी सुरक्षा व्यवस्था की बीच राहुल गांधी ने एकमा में किया रात्रि विश्राम



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** वोटर अधिकार यात्रा के क्रम में शुक्रवार को देर संध्या नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का काफिला सीवान से रसूलपुर के रास्ते एकमा के आमदाढ़ी गांव स्थित लच्छी ब्रह्म स्थान के मैदान पहुंचे जहां भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्होंने रात्रि विश्राम किया. इस दौरान उनके साथ कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार, लालबाबू साहब, गुरूदीप सिंह, अलका लंबा, दिग्विजय सिंह आदि कांग्रेस नेता मौजूद थे. जबकि इस यात्रा में उनके सहयोगी रहे पप्पु यादव व कई अन्य नेतागण रसूलपुर स्थित सीता वाटिका में रात्रि विश्राम किया. मौके पर मांझी विधायक सतेन्द्र यादव, नजरे हसन, कुंदन सिंह, नरेंद्र प्रताप मिश्रा आदि मौजूद रहे.

## सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हुए पूर्व विधायक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बनियापुर विधानसभा के मशरक प्रखंड के चरिहारा गांव से सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ छपरा में वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होंगे पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह हजारों समर्थकों के द्वारा सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ रवाना हुए। इस यात्रा में शामिल होने को लेकर चरिहारा गांव में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बनियापुर विधानसभा से राजद प्रत्याशी बिट्टू सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह ने बताया कि वोटर अधिकार यात्रा छपरा पहुंच रहीं हैं जिसमें राहुल गांधी और तेजस्वी यादव मौजूद रहें।

## महागठबंधन का रोड शो पूर्णतः फ्लाप रहा- भाजपा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण में इंडिया गठबंधन के नेता राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव व रोहिणी आचार्य द्वारा नियोजित रोड शो भाड़े पर बुलाए लोगों द्वारा एक भीड़ बढ़ने की नाकाम कोशिश को सारण की जनता ने सिरे से नकार दिया। सारण के ना मतदाता थे और ना सारण के वोटर इस रैली में थे यह एक ड्रामेबाज रैली थी, जो पूर्णतः असफल एवं विफल रही। आज के रोड शो में मेरे ही खाड़ी को रोककर उस पर डंडा चलाया गया । उक्त बातें सारण जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहीं। वहीं विवेक कुमार सिंह महामंत्री भाजपा ने कहा कि लोगों को बरगलाने व गुमराह करने आए इंडिया गठबंधन के नेता रोड शो में सारण की जनता पहुंची ही नहीं और भाड़े पर बुलाए गए लोगों का पूर्णतः फ्लॉप शो रहा।अर्द्धेन्दु शेखर कार्यालय मंत्री भाजपा ने कहा कि सारण की पावन भूमि को अपने को कुकृत्य से कलंकित करने पहुंचे इंडिया गठबंधन के नेताओं को सारण की जनता ने सिरे से नकारा दिया।

# वोटर अधिकार यात्रा : एकमा में उमड़ा जनसैलाब, मंच सजा रह गया, नेतागण सीधे छपरा की ओर हुए रवाना

- **एकमा में राहुल, तेजस्वी व अखिलेश का सुरक्षा घेरे में रोड शो, कार्यकर्ताओं की उम्मीदें अधूरी**
- **राहुल-तेजस्वी-अखिलेश ने एकमा में लहराया हाथ, संबोधन के बिना आगे बढ़ा काफिला**



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** वोटर अधिकार यात्रा के तहत शनिवार की सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी, बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का काफिला छपराङ्कसीवान नेशनल हाईवे 531 होते हुए एकमा पहुंचा। इस दौरान महागठबंधन के इन शीर्ष नेताओं ने रोड शो किया। रोड शो का रूट कर्णपुरा स्थित लक्ष्मी ब्रह्म बाबा परिसर से शुरू होकर आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज, एकमा पुरानी चट्टी, परसागढ़ मोड़, एकमा बस स्टैंड, एकमा हाई स्कूल होते हुए दाउदपुर की ओर बढ़ा और फिर छपरा शहर की तरफ रवाना हो गया। पूरे मार्ग पर सड़क के दोनों किनारों पर स्थानीय जनता, राजद-कांग्रेस-सपा-माकपा सहित महागठबंधन के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। लोग नेताओं की एक झलक पाने के लिए आतुर दिखे।नेताओं ने किसी भी स्थान पर रुककर संबोधन नहीं किया। बल्कि अपने वाहनों से हाथ हिलाते हुए आम जनता का अभिवादन किया और आगे बढ़ गए। इससे महागठबंधन के स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं को कुछ हद तक निराशा भी हुई।

एकमा पुरानी चट्टी के समीप स्थानीय स्तर पर एक मंच बनाया गया था। कयास लगाया जा रहा था कि राहुल गांधी यहां संक्षिप्त संबोधन कर सकते हैं। मंच से कांग्रेस के प्रदेश व स्थानीय नेता बार-बार उनके आगमन की घोषणा करते रहे, लेकिन राहुल गांधी मंच पर नहीं पहुंचे और उनका काफिला सीधे छपरा की ओर निकल गया। इस कारण मंच पर मौजूद स्थानीय नेताओं को अपने नेता का संबोधन सुनने एवं उनका स्वागत करने का अवसर भी नहीं मिला।

### चाक चौबंद व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रोड शो

एकमा अंचलाधिकारी राहुल शंकर, एकमा बीडीओ डॉ अरुण कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजकुमार, अंचल पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार सहित कई पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी व सुरक्षा व्यवस्था में सशस्त्र पुलिस बल अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहे। बीडीओ डॉ अरुण कुमार व सीओ राहुल शंकर समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने भी रोड शो पर लगातार निगरानी रखी। कड़ी सुरक्षा घेरे में वोटर अधिकार यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, जिसके बाद पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने हमेशा ही महिलाओं को अपमानित एवं देश विरोधी कार्य किया है- जनक सिंह

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** देश के प्रधानमंत्री की माता के बारे में अपशब्द का प्रयोग करने वाले महागठबंधन के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी सारण पूर्वी एवं सारण पश्चिम की संयुक्त विरोध बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन सारण पश्चिमी जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने किया। मुख्य सचेतक तरैया विधायक जनक सिंह, सोनपुर के पूर्व विधायक अनुशासन समिति प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, छपरा पूर्वी के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह आदि ने संबोधन में विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री के लिए अमार्यादीय भाषा प्रयोग की निंदा की।बैठक में मुख्य रूप से अनुप श्रीवास्तव,पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंह,वेद प्रकाश उपाध्याय, भाजपा नेता रामाकांत सिंह सोलंकी, प्रियंका सिंह, हेम नारायण सिंह, अजीत सिंह, जिला महामंत्री धर्मेंद्र शाह, जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास सिंह, श्याम सुंदर प्रसाद,चैतेन्द्र नाथ सिंह, कार्यालय मंत्री अर्द्धेन्दु शेखर,जिला मंत्री रंजन यादव, अखिलेश्वर सिंह, राजीव सिंह, विद्यावती मिश्रा, रामाशंकर मिश्रा, सत्यानंद सिंह, राजेश फैशन, सुशील सिंह, अनिल सिंह, जितेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह संजय सिंह नीलम सिंह, चंदा पाठक, शत्रुघ्न चौधरी, शुभम वर्मा, अनिल शर्मा, दीपक कुमार सिंह, नागेंद्र राय, शालू मिश्रा, धीरज सिंह, कौशल सिंह, दिलीप सिंह, संजय तिवारी, भारत मांझी, हरेंद्र सिंह, उमाशंकर सिंह सहित दोनों संगाठनिक जिले के सभी मंडल अध्यक्षों के साथ-साथ सभी मोर्चों व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और सभी जिला पदाधिकारी व पूर्व पदाधिकारी मुख्य रूप से शामिल हुए।

## राहुल गांधी का काफिला सारण के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए आरा रवाना

### महागठबंधन के नेताओं ने अपने कार्यकर्ताओं का स्वीकार किया अभिवादन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** वोट अधिकार यात्रा के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष सह कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के साथ बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी श्रीकृष्ण वल्लावरू, कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार, नजरे हसन, वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री मुकेश साहनी सहित दर्जनों महागठबंधन के नेताओं के काफिले के साथ वोटर अधिकार यात्रा के 14वें दिन शामिल रहें। सारण जिले के एकमा से शुरू यात्रा में महागठबंधन के नेताओं ने जगह जगह स्वागत किया। एकमा में श्रीकांत यादव, मांझी विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश के दौरान दाउदपुर के बेलदारी मुख्य मार्ग पर विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी सुधांशु रंजन पाण्डेय के नेतृत्व में हजारों की संख्या में राजद कार्यकर्ताओं ने बैंड बाजे और हाथी घोड़ा के साथ स्वागत किया है। एकमा से लेकर डोरीगंज स्थित वीर कुंवर सिंह सेतु तक महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेताओं द्वारा हर दस कदम पर तोड़न द्वार और बैनर पोस्टर से पूरी तरह से ढंक दिया गया था। वहीं जगह- जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। पूर्व मंत्री और मढौरा से राजद विधायक जितेंद्र कुमार राय नगरपालिका चौक पर कार्यकर्ताओं की भीड़ में स्वागत के जुटे हुए थे। महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा अपने नेताओं का एक झलक देखने के लिए सुबह से ही सड़क किनारे हाथों में झंडा लेकर खड़े होकर इंतजार कर रहे थे। कड़कड़ाती धूप होने के बावजूद भी इन सभी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर उत्साह देखी जा रही थी। सबसे अहम बात यह है कि यात्रा में सारण से लोकसभा चुनाव लड़ चुकीं राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी डॉ रोहिणी आचार्या भी शामिल रही। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और डॉ रोहिणी आचार्या तीनों एक ही गाड़ी में सवार होकर जिले में महागठबंधन से जुड़े कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे।

सारण जिले में वोटर अधिकार यात्रा के 14 वें और अंतिम दिन एकमा में अपने अभिवादन के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में हिंसक लोग हैं। जिनके पूर्वज गोडसे हैं, जिसने महात्मा गांधी की हत्या की थी। इतना ही नहीं बल्कि इनकी पार्टी रेपिस्ट और भ्रष्टाचारियों से भरी हुई है। हालांकि जिले के कई स्थलों पर महागठबंधन के नेताओं द्वारा मंच बनाकर इंतज़ार किया जा रहा था लेकिन किसी भी मंच पर किसी भी नेताओं द्वारा भाषण नहीं दिया गया है। क्योंकि स्थानीय प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से अनुमति नहीं दी गई थी।

## छपरा में वोटर अधिकार यात्रा पर कांग्रेसियों का जोश, कतारों में खड़े रहे समर्थक



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** कांग्रेस की वोटर अधिकार यात्रा शनिवार को जैसे ही छपरा पहुंची, कार्यकर्ताओं और महागठबंधन समर्थकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। सुबह से ही कांग्रेस सहित महागठबंधन दलों के कार्यकर्ता और समर्थक राहुल गांधी की एक झलक पाने और उनका स्वागत करने के लिए सड़कों पर डटे रहे। जगह-जगह लंबी कतारें देखने को मिलीं। दरियापुर के कांग्रेस नेता तरुण तिवारी ने कहा– ÷छपरा की यह भीड़ बता रही है कि बिहार की सत्ता से नीतीश कुमार की विदाई तय है।÷ वहीं कांग्रेस नेता अतुल कुमार ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग की मिलीभगत से वोट चोरी का खेल चल रहा था, लेकिन अब राहुल गांधी ने इसका खुलासा कर दिया है।उन्होंने आगे कहा कि– ÷देश को पग-पग पर अपमानित करने वाली भाजपा सरकार से जल्द मुक्ति मिलेगी। वोट चोरी के खुलासे से भारत सरकार और चुनाव आयोग ने देश की प्रतिष्ठा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शर्मसार कर दिया है।÷ इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह, शैलश सिंह, गिरजा राय और मुन्ना ठाकुर समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## आठ प्रखंडों में नगर पंचायत एवम अमनौर को नगर परिषद् गठन हेतु प्राप्त प्रस्तावों का डीएम ने की समीक्षा

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** जिले के विभिन्न प्रखंडो में नए नगर पंचायतों के गठन को लेकर समीक्षा बैठक में आखिरकार अमनौर को सीधे नगर परिषद के लिए प्रस्ताव विभाग को भेजने के लिए सहमति बनी। जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा शनिवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अपर जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा तथा संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों तथा संबंधित नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ नए नगर पंचायतों के गठन के संबंध में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पानापुर, तरैया, अमनौर, मकेर, दरियापुर (बेला), इसुआपुर, गड़खा, नगरा तथा बनियापुर कुल 09 प्रखंडों में से अमनौर में नगर परिषद के तथा शेष 08 प्रखंडों में नए नगर



पंचायतों के गठन हेतु प्राप्त प्रस्तावों की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्णय लिया गया तथा जिले में कुल 09 नए नगर निकाय के गठन हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजने की कार्रवाई की गई।

साथ ही नगर पंचायत रिविलगंज, नगर पंचायत दिघवारा, नगर पंचायत मढ़ौरा तथा नगर परिषद, सोनपुर के क्षेत्र विस्तार हेतु अविलंब कार्रवाई करते हुए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया ताकि प्राप्त प्रस्ताव की समीक्षा कर विभाग को प्रस्ताव भेजा जा सके। इधर अमनौर को नगर परिषद के गठन हेतु विभाग को प्रस्तव भेजने के मुहर लगने पर जन सुराज के जिला मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने खुशी जाहिर करते हुए जिलाधिकारी सारण सहित तमाम संबंधित पदाधिकारियों को आभार व्यक्त किया है। बताया कि अमनौर के विकास के लिए यह मांग लम्बे अरसे से चली आ रही है। जिला प्रशासन ने यह पहल बहुत सराहनीय कदम है। वहीं समाजसेवी त्रिपुरारी सिंह, मयंक कुमार सिंह,,मकसूद आलम, सुरजीत सिंह, संजीव गुप्ता, सरपंच रणधीर कुमार, पिंटू तिवारी आदि लोगों ने भी जिला प्रशासन के पहल के लिए खुशी जाहिर किया है।



## अपशब्द कहना घटिया राजनीति का परिचय

**भगवानपुर हाट (सिवान)** पीएम नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता को अपशब्द घटना घटिया राजनीति का परिचय है। कांग्रेस पार्टी को इस घटना के लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा की राजनीति संस्कारयुक्त राजनीति है। यह बातें जिला पूर्वी भाजपा जिला महामंत्री अवधेश कुमार पांडेय ने शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान अमर्यादित भाषा का उपयोग करना शर्मनाक ही नहीं बल्कि राष्ट्र के नाम पर काला धब्बा है। कहा कि महागठंधन के नेता विवादास्पद बयान देकर या दिलवाकर अपने को चर्चा में रखने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के सहनशीलता को विरोधी कायरता नहीं समझें। हमें भी जवाब देने आता है, लेकिन हम एक संस्कारी पार्टी के सिपाही हैं। हम मर्यादा में रहकर अपनी बात रखना जानते हैं।

## विधायक ने पीसीसी सड़क का किया उद्घाटन, पांच का शिलान्यास

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** भाजपा विधायक देवेशकांत सिंह ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के बसंतपुर प्रखंड के सरेया श्रीकांत पंचायत में सात लाख की लागत से बने पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया। वहीं 30 लाख की लागत से बनने वाले पांच पीसीसी सड़कों का भी शिलान्यास भी किया। इसमें सरेया श्रीकांत पंचायत के जानकीनगर पक्की सड़क से दक्षिण शामपुर काली मंदिर की तरफ जाने वाली पीसीसी सड़क निर्माण के साथ ही बाजितपुर में सात लाख, सूर्यपुरा पंचायत में सात लाख, कुमकुमपुर पंचायत में भी सात लाख और बैजू बरहोगा पंचायत में आठ लाख की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क का निर्माण होना है। इस मौके पर भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, प्रमोद कुमार तिवारी, अमरनाथ शर्मा, वसी अहमद खान, लालबहादुर पर्वत आदि उपस्थित थे।

## दारौंदा में तेजस्वी यादव का हुआ स्वागत

**दारौंदा (सिवान)।** राजद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का शनिवार को दारौंदा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वे सिवान से छपरा में आयोजित वोटर अधिकार यात्रा में भाग लेने जा रहे थे। सुबह ही राजद कार्यकर्ता जोश और उत्साह से लबरेज होकर उनके स्वागत की तैयारी में जुट गए थे। स्वागत समारोह का नेतृत्व राजद नेता सुभाष कुमार शाही उर्फ मुन्ना शाही ने किया। जैसे ही तेजस्वी यादव दारौंदा पहुंचे, कार्यकर्ताओं ने बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जेसीबी मशीन से फूलों की वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। पूरा इलाका राजद समर्थकों के नारों और जोशीले गीतों से गूंज उठा। हालांकि वे यहां रुके नहीं, लेकिन कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए निकल गए। इस मौके पर जिला पार्षद धर्मेंद्र कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष राजन कुमार राम, राजेश यादव सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गणपति बप्पा मोरया से गूंज उठा जामो बाजार

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड के जामो बाजार के पूजा पंडाल में स्थापित गणेश भगवान की मूर्ति का विसर्जन शुक्रवार की शाम में भक्तिभाव से किया गया। इस दौरान नगर भ्रमण के क्रम में गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। बाजार के पश्चिम टोला, गफ्फार मोड़, जामो चौक व ब्रह्मस्थान होते हुए जामो पोखरा तालाब में गगनभेदी जयघोष के साथ मूर्ति का विसर्जन किया गया। विसर्जन के बीच बच्चों की काफी भीड़ दिखी। वहीं पूजा के दौरान हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया। पूजा के दौरान कई धार्मिक आयोजन किए गए और महाप्रसाद वितरण भी किया गया। बाजार में पहली बार पूजा पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। इसको लेकर लोगों में विशेष उत्साह दिखा। इस मौके पर सुशील कुमार कुशवाहा, पंकज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, उमेश कुमार, सुनील कुमार, विजय कुमार, शैलेश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## विद्यालय के 35 वां स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के धनछुआ स्थित नागेश्वर सिंह वीरेंद्र संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक उच्च विद्यालय का 35वां वार्षिकोत्सव शनिवार को मनाया गया। इस मौके पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय संचालक अमरेंद्र सिंह, प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित तथा केक काटकर किया। इस अवसर अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 1990 में इस संस्कृत विद्यालय की स्थापना की गई ताकि अगल- बगल के दर्जनों गांवों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। इन बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अन्य दूर जाना नहीं पड़े। उन्होंने विद्यालय के छात्र- छात्राओं से कहा कि विद्यालय में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर आगे अपने मंजिल तक पहुंचने का लक्ष्य रखें। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसमें एक से बढ़कर एक भक्ति गीत पर भाव नृत्य पेश किए गए।

## शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में बच्चों की समस्याओं पर चर्चा

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के सदरपुर स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को शिक्षक व अभिभावक की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पठन-पाठन में बच्चों की आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों से परामर्श मांगा गया। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल के महत्व पर चर्चा की गई। इस मौके पर बैरिस्टर प्रसाद, दीपक कुमार, चंदन कुमार सहित आदि शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहनी चंवर के समीप शनिवार की सुबह कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान बड़हरिया निवासी रोहित कुमार व विनय कुमार के रूप में हुई है। घायल रोहित ने बताया कि हम दोनों एक बाइक पर सवार होकर सदर अस्पताल आए हुए थे वहां से इलाज के बाद अपने घर जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार कार ने धक्का मार दिया। जिससे हम दोनों घायल हो गए,कार चालक गाड़ी लेकर फरार होने में सफल रहा।

## दो चोरी की बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार

सिवान÷ नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की देर शाम थाना क्षेत्र के रामराज मोड़ स्थित ओवरब्रिज के नीचे से छापेमारी कर दो चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों चोरों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। गिरफ्तार हुसैनगंज निवासी लक्ष्मण यादव व सूरज कुमार है। मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो चोर चोरी की बाइक के साथ रामराज मोड़ स्थित ओवर ब्रिज के नीचे खड़े हैं। सूचना पर गश्त दल ने छापेमारी की तो दो युवक बाइक लेकर भागने लगे। दोनों को पुलिस बल की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में बरामद दोनों बाइक चोरी की पाई गई, जिसे जब्त कर थाना लाया गया।गिरफ्तार दोनों चोरों को जेल भेज दिया गया। वहीं इनकी निशानदेही पर अन्य जगहों पर छापेमारी की जा रही है।

# माता वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं की मृत आत्मा की शांति के लिए निकाला कैंडल मार्च




**दैनिक खोज खबर/सीवान।** श्री माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए कई श्रद्धालु हाल ही में एक प्राकृतिक आपदा के शिकार हो गए। इस दुखद घटना से आहत स्थानीय लोगों ने उनकी मृत आत्मा की शांति के लिए शनिवार की शाम को एक कैंडल मार्च का आयोजन किया। श्री माता वैष्णो देवी दर्शन समिति के तत्वावधान में आयोजित इस मार्च में सैकड़ों लोग शामिल हुए, जिन्होंने जेपी चौक से कचहरी दुर्गा मंदिर तक एकजुट होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंडल मार्च की शुरुआत जेपी चौक से हुई, जहां लोग हाथों में जलती मोमबत्तियां लिए माता रानी के भजनों और प्रार्थनाओं के साथ आगे बढ़े। मार्च का समापन कचहरी दुर्गा मंदिर में हुआ, जहां सभी ने माता वैष्णो देवी के समक्ष मृत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की। इस दौरान लोगों ने माता रानी से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस मार्च में अध्यक्ष मिथिलेश कुमार सिंह, संरक्षक अरविंद कुमार पांडेय, डॉक्टर केपी सिंह अभिषेक कुमार, अभिषेक कुमार बूटा, बबलू सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, अरविंद सिंह, शंभू सिंह, मिंटू सिंह, सुधीर कुमार, डॉ. संदीप कुमार यादव, मुन्ना सिंह, देवेंद्र गुप्ता, गणेश दत्त पाठक, जयनाथ सिंह, मदन सिंह, विवेक कुमार सिंह, अनूप कुमार, सुधीर श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में प्राकृतिक आपदा में असमय काल के गाल में समाए श्रद्धालुओं के प्रति संवेदना व्यक्त की।यह आयोजन न केवल मृतकों के प्रति सम्मान का प्रतीक था, बल्कि समाज में एकजुटता और मानवता का संदेश भी देता है। लोगों ने इस दौरान माता रानी से यह भी प्रार्थना की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से श्रद्धालुओं को सुरक्षित रखें। इस कैंडल मार्च ने सीवान की जनता के बीच एकता और संवेदनशीलता का भाव पैदा किया।

## वोटर अधिकार यात्रा जैसे पहल से लोकतंत्र को नई दिशा मिलेगी : सुधांशु रंजन

### वोटर अधिकार यात्रा के 14वें दिन मांझी विधानसभा में हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर /छपरा।** वोटर अधिकार यात्रा अपने 14वें दिन सारण जिले के मांझी विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते ही जनमानस का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। जैसे ही यह यात्रा दाउदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत छपरा सिवान मुख्य मार्ग के बेलदारी गांव पहुंची, बिहार विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी सह राजद नेता सुधांशु रंजन पाण्डेय के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह की भव्यता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि बैंड-बाजे की मधुर धुन और हाथी-घोड़े की शोभायात्रा ने पूरे माहौल को चुनावी रंग में रंग दिया। हालांकि कार्यक्रम से पहले प्रसिद्ध भोजपुरी लोक कलाकार प्रमोद प्रेमी ने अपने श्रोताओं को अपनी मधुर वाणी से मंत्र मुग्ध कर दिया था। इस अवसर पर स्थानीय राजद कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया गया है। वहीं जगह- जगह पूर्व प्रमुख राकेश राय के नेतृत्व में राजद कार्यकर्ताओं ने न केवल फूलमालाओं से स्वागत किया बल्कि ढोल- नगाड़े से वातावरण को पूरी तरह उत्साहपूर्ण बना दिया। दिलचस्प बात यह है कि बेलदारी मुख्य मार्ग पर यह नज़ारा किसी बड़े जनसंग्रहण से कम नहीं दिख रहा था।बिहार विधान परिषद के पूर्व प्रत्याशी सुधांशु रंजन पाण्डेय ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा का उद्देश्य लोकतंत्र के मूल स्तंभ 'मतदान' के महत्व को जन- जन तक पहुंचाना है। क्योंकि लोकतंत्र तभी सशक्त होगा जब हर नागरिक अपने मताधिकार का सही उपयोग करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि गांव- गांव जाकर मतदाताओं को उनके अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूक करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस पहल से समाज के सभी वर्गों को जोड़ने और उन्हें लोकतंत्र के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विशेषकर युवाओं और प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं को जागरूक करना इस यात्रा का प्रमुख लक्ष्य है। यात्रा का काफिला जब बेलदारी से आगे बढ़ा तो स्थानीय युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी उत्साह पूर्वक इसमें अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। वहीं बच्चों ने हाथों में झंडे और पोस्टर लेकर यात्रा का स्वागत किया। राजद नेता सुधांशु रंजन ने विश्वास जताया कि अगर इसी प्रकार जनजागरूकता अभियान लगातार चलता रहे तो मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि होगी और लोकतांत्रिक प्रणाली पहले से बेहतर और मजबूत बन सकती है। स्वागत कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने ÷लोकतंत्र ज़िंदाबाद÷, ÷मतदाता जागरूक बनो÷, और ÷राजद परिवार संगठित रहो÷ जैसे नारों से माहौल को पूरी तरह जीवंत कर दिया। यात्रा के अगले चरण में मांझी विधानसभा क्षेत्र के दाउदपुर और कोपा बाजार के अलावा विभिन्न चौक चौराहों पर राजद कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से स्वागत किया गया है। भव्य स्वागत और जनसमर्थन से उत्साहित यात्रा के नेतृत्व कर्ता ने कहा कि सारण जिले का यह स्वागत अब तक का सबसे ऐतिहासिक और प्रेरणादायक रहा। इससे स्पष्ट होता है कि जनता वोटर अधिकार यात्रा के संदेश को दिल से अपना रही है।इस अवसर पर पूर्व प्रमुख राकेश राय, जीवन यादव, अमूल यादव, सुनील यादव, वीरेंद्र यादव, जिले ही नहीं बल्कि राज्य और देश के महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित गिरीश तिवारी के पौत्र सह अधिवक्ता प्रवीण चंद्र तिवारी, जलालपुर प्रखंड के राजद अध्यक्ष श्रीराम राय, प्रखंड उपाध्यक्ष विकास सिंह, भोला खान, पंकज यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि कमलेश राय सहित कई अन्य राजद नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरयू नदी के जलस्तर कम होने से किसानों ने ली राहत की सांस

**गुठनी (सिवान)।** जिले के दक्षिणी इलाके से बहने वाली सरयू नदी का जल स्तर लगातार कम कम हो रहा है। तट के निचले क्षेत्रों के खेतों में जमा बाढ़ का पानी भी धीरे-धीरे कम होने लगा है। इससे किसानों ने राहत की सांस ली है। वहीं बाढ़ विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक दरौली में शनिवार को सरयू नदी का जल स्तर 60.38 मीटर दर्ज किया गया, जबकि यहां खतरे का निशान 60.82 मीटर निर्धारित किया गया है अर्थात यहां नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 50 सेंटीमीटर नीचे है। वहीं सिसवन में सरयू नदी का जलस्तर 56.38 मीटर दर्ज किया गया जबकि यहां खतरे का निशान 57.04 मीटर निर्धारित किया गया है अर्थात सिसवन में सरयू नदी खतरे के निशान से 0.66 मीटर नीचे बह रही है। वहीं बाढ़ विभाग के पदाधिकारी की माने तो अब सरयू नदी में लगातार गिरावट हो रहा है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि दशहरा तक सरयू नदी के जल स्तर में उतार-चढ़ाव जारी रहता है, अभी पानी कम तो हो रहा है, लेकिन इसका भरोसा नहीं है। वहीं पानी कम होने से जो फसल सड़ गए हैं उसके दुर्गंध चारों तरफ फैल रहा है। बीच-बीच में बरसात होने से धान की फसलों के लिए तो ठीक है, लेकिन अन्य खरीफ फसल जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का, अरहर बाढ़ के प्रभाव में प्रभावित हो रहे हैं। हालांकि अभी तक सरकार द्वारा या बाढ़ विभाग द्वारा बाढ़ग्रस्त लोगों को क्षतिपूर्ति का कोई लाभ भी नहीं मिला है। वहीं बाढ़ के एसडीओ अमजद अली ने बताया कि सरयू नदी का जलस्तर तेजी से कम हो रहा है, अब चिंता की कोई बात नहीं है।

### भाजपा ने आक्रोश यात्रा निकालकर राहुल गांधी का किया पुतला दहन

**सिवान।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जेपी चौक पर पुतला दहन किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रोफेसर अभिमन्यु कुमार सिंह के घर से भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिमी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी के नेतृत्व में मार्च शुरू किया। मार्च बबुनिया मोड़ होते हुए जेपी चौक पर पहुंचा जहां सभी कार्यकर्ता राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे। इसके बाद सभी ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि राहुल गांधी वोट अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री को अभद्र भाषा से संबोधित कर रहे हैं यह न केवल राजनीतिक गरिमा पर हमला है बल्कि भारतीय लोकतंत्र के परंपराओं का अपमान है। वोट अधिकार यात्रा के नाम पर राहुल गांधी केवल अराजकता अपमान का प्रचार कर रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री और उनकी मां के लिए राहुल गांधी के मंच से अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है और राहुल गांधी ताली बजाते हुए दिखते हैं। पुतला दहन में मुख्य रूप से जिला महामंत्री हरेंद्र सिंह कुशवाहा, राजेश श्रीवास्तव, मुकेश कुमार बंटी, धनंजय सिंह, मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, सुभाष सिंह कुशवाहा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता जायसवाल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत कुमार चौरसिया इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## लाखों रुपया की जब्त शराब की बोतलों पर चला रोलर

**सिवान।** पुलिस लाइन परिसर में शनिवार को जिलाधिकारी डाक्टर आदित्य प्रकाश के निर्देश पर उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा तथा मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार, उत्पाद निरीक्षक गणेश चंद्रा की मौजूदगी में जिले के विभिन्न थानों के कांडों में जब्त लगभग 64 सौ लीटर शराब की बोतलों पर रोड रोलर चलाकर उन्हें नष्ट कर दिया गया। विनिष्ट किए गए शराब की बाजार में अनुमानित कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है। शराब विनिष्ट के लिए उत्पाद विभाग, नगर थाना, मुफस्सिल थाना, महादेवा, जीआरपी व अन्य थाने के थानाध्यक्ष शराब लेकर आए थे। उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि आदेश के बाद उत्पाद विभाग एवं पुलिस के 64 सौ लीटर देसी व विदेशी शराब जब्त पर रोलर चलाया गया। इसकी कीमत लगभग लाखों रुपया की है। इसके पूर्व में हजारों लीटर शराब नष्ट किया गया था उस समय भी तकरीबन दो लाख रुपए के शराब की बोतलों पर रोड रोलर चलाया गया था।

## पंचायत समिति की बैठक में गूंजे जनसमस्याओं के मुद्दे

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गुड़िया सिंह ने की। बैठक में सबसे पहले पंचायतों में लगाई गई सोलर लाइटों के खराब होने पर चर्चा हुई। यह तय किया गया कि यदि एक सप्ताह के भीतर इन लाइटों की मरम्मत नहीं कराई गई तो संबंधित एजेंसी या विभाग के खिलाफ प्राथमिकी कराई जाएगी। वहीं विद्यालयों में सफाईकर्मियों को समय पर भुगतान नहीं होने और साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक से नहीं रहने पर जांच टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। सदस्यों ने कृषि विभाग की कार्यशैली और मनरेगा में तानाशाही रवैये पर असंतोष व्यक्त किया। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए सरकारी भवन उपलब्ध रहने के बावजूद निजी मकानों में किराए पर चलाने का विरोध किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही, दाखिल खारिज प्रक्रिया में देरी और गोदाम से उठाव के दौरान तौल नहीं होने की शिकायतें भी सदस्यों द्वारा उठाई गईं। बैठक में उठाए गए मुद्दों को लेकर जल्द कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैठक में उपप्रमुख हरेश यादव, बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर, सीओ पूनम दीक्षित, कृषि पदाधिकारी विक्रमा मांझी, बीईओ सौरभ सुमन, थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक जितेंद्र सिंह समेत अन्य पदाधिकारी, पंचायत समिति सदस्य व कई मुखिया उपस्थित थे।

### बच्चों को नाव दुर्घटना से बचाव की दी गई जानकारी

**हसनपुरा(सिवान)।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत फोकल शिक्षकों ने अगस्त माह के अंतिम शनिवार को बच्चों को नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान नाव दुर्घटना के दौरान क्या-क्या सावधानियां बरतनी है समेत कई बातों की जानकारी दी गई। साथ ही घटना के बाद कैसे उपचार कराएं आदि बातों से अवगत कराया गया। इस मौके पर शिक्षक कृष्णानंद त्रिपाठी, मनीष द्विवेदी, संतोष साहनी, विजय कुमार, सुनील कुमार, बृज कुमार साह आदि उपस्थित थे।

### हाई टेंशन तार की चपेट में आने से पेंटर झुलसा, रेफर

**हसनपुरा (सिवान)।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के कन्हौली में मकान का पेंट करने के दौरान हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक पेंटर झुलस गया। घायल पेंटर की पहचान पतियांव निवासी रामावतार मांझी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रामावतार कन्हौली में मकान का पेंट कर रहा था। तभी पास से गुजर रहे हाई टेंशन तार की चपेट में आकर झुलस गया। इस दौरान आसपास के ग्रामीण उसे इलाज के लिए आंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया तथा सदर अस्पताल से गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद पेंटर के स्वजन चिंतित नजर आ रहे हैं।

## एमजीसीयू में 31 अगस्त को होगा नवागंतुक छात्र दीक्षारंभ सामारोह

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के नवागंतुक छात्र दीक्षारंभ कार्यक्रम 31 अगस्त 2025 को प्रातः 11÷00 बजे महात्मा गांधी सभागार में आयोजित होगा। इसकी जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव,दीक्षारंभ समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह, जनसंपर्क प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. श्यामनंदन, तथा विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शेफालिका मिश्रा ने शनिवार को संयुक्त रूप से पत्रकारो बताया कि इस अवसर पर संतीश चंद्र दुबे, राज्य मंत्री , कोयला एवं खान मंत्रालय, मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे। वही राधा मोहन सिंह, सांसद और पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री; डॉ. राजभूषण चौधरी, राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय और प्रो. के. एन. सिंह, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय, दक्षिण बिहार कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव करेंगे।दीक्षारंभ कार्यक्रम का उद्देश्य को बताते हुए उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से नवप्रवेशी छात्रों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परंपरा, भारतीय ज्ञान-परंपरा एवं मूल्यों से जोड़ना है, ताकि वे उच्च शिक्षा की नई यात्रा को आत्मविश्वास और प्रेरणा के साथ आरंभ कर सकें।रविवार के दिन में आयोजित इस औपचारिक समारोह के अतिरिक्त, संध्या में एक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे।

